# मध्यप्रदेश विधान सभा

## दिसम्बर, 2012 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

### शुक्रवार, दिनांक 7 दिसम्बर, 2012 (अग्रहायण 16, 1934)

**समय 10.30 बजे दिन**

### 1. निधन उल्लेख

श्री जमना प्रसाद चौरसिया, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा के निधन का उल्लेख.

### 2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2007 (क्रमांक 17 सन् 2007) की धारा 22 एवं धारा 23 की उपधारा (4) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2010-2011 तथा आयोग का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन एवं लेखा संपरीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2009-2010 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री राजेन्द्र शुक्ल, ऊर्जा मंत्री, विद्युत अधिनियम, 2003 (क्रमांक 36 सन् 2003) की धारा 182 की अपेक्षानुसार ऊर्जा विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3148-म.प्र.वि.नि.आ-2012 दिनांक 12 नवम्बर, 2012 पटल पर रखेंगे.

### 4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री के.पी. सिंह "कक्काजू", सदस्य, शिवपुरी जिले के राजघाट नहर के टूटने से फसल नष्ट होने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम इन्दरगढ़ स्थित आदिवासियों को पट्टे पर दी गई भूमि का अवैध विक्रय किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) श्री गोविन्द सिंह राजपूत, सदस्य, सागर जिले में बुंदेलखण्ड पैकेज के अंतर्गत प्राप्त राशि से पेयजल हेतु घटिया पाईप की खरीदी किये जाने की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) सर्वश्री ध्रुवनारायण सिंह, अरविन्द सिंह भदौरिया, सदस्य, भोपाल स्थित वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति सराय सिकंदरी पर अनाधिकृत कब्जा किये जाने की ओर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री सुखदेव पांसे, सदस्य, बैतूल जिले के –
- (क) ग्राम खेड़ी देवनाला में बांध निर्माण किये जाने,
- (ख) ग्राम घाना से ऊमरी के बीच पुलिया निर्माण किये जाने,
- (ग) ग्राम जूनापानी में लघु जलाशय का निर्माण किये जाने,तथा
- (घ) ग्राम डहुआ से डहुआ ढ़ाना तक मार्ग निर्माण किये जाने,

(2) श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य, धार जिले के –
- (क) ग्राम नंदलई में मांगलिक भवन निर्माण किये जाने,
- (ख) ग्राम टिमायची के बीड़पाड़ा में मांगलिक भवन निर्माण किये जाने,
- (ग) ग्राम संदला के मुख्यमार्ग से तेजा जी मंदिर के बीच पुलिया निर्माण किये जाने,
- (घ) ग्राम नन्दलई में आंगनवाड़ी भवन निर्माण किये जाने,तथा
- (ङ.) ग्राम हातोद के हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,

(3) श्री पुरूषोत्तम दांगी, सदस्य, राजगढ़ जिले के -
- (क) ग्राम भीलवाड़िया स्थित नाले पर स्टाप डेम निर्माण किये जाने,
- (ख) ग्राम भीलवाड़िया के शा. कन्या हायर सेकण्ड्री स्कूल की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण किये जाने, तथा
- (ग) ग्राम भीलवाड़िया में प्राथमिक स्वा. केन्द्र स्थापित किये जाने,

(4) श्री पारस दादा, सदस्य, रतलाम जिले के-
(क) रतलाम शहर में शा. तकनीकी महाविद्यालय खोले जाने,
(ख) ग्राम बाजना में शा. महाविद्यालय खोले जाने,
(ग) जावरा बस स्टैण्ड पर हाई मास्ट लैम्प लगाये जाने, तथा
(घ) रतलाम नगर के लक्ष्मी नगर में डामरीकरण कराये जाने,

(5) श्री रामलखन सिंह, सदस्य, सतना जिले के-
(क) ग्राम गुड़हुरू में प्राथमिक स्वा. केन्द्र खोले जाने,
(ख) ग्राम गुड़हुरू के शा. हाई स्कूल का उन्नयन किये जाने,
(ग) ग्राम बिलहरी में शासकीय प्राथमिक शाला खोले जाने, तथा
(घ) ग्राम निमहा के कहारन बस्ती में शासकीय प्राथमिक शाला खोले जाने,

(6) श्री ध्रुवनारायण सिंह, सदस्य, भोपाल शहर के ईश्वर नगर के वार्ड नं. 50 में सड़क किनारे नाली, सीवेज लाईन एवं डामरीकरण कराये जाने , तथा

(7) श्री गिरीश गौतम, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम डेल्ही के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का उन्नयन किये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे .

## 6. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री राघवजी, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश उपकर (संशोधन) विधेयक, 2012 (क्रमांक 32 सन्, 2012) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

## 7. अशासकीय संकल्प

(1) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

" सदन का मत है कि भू-राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6.4 (1) अंतर्गत प्राकृतिक प्रकोप से होने वाली फसल हानि के लिये आर्थिक सहायता रकबे के आधार पर स्वीकृत किये जाने का प्रावधान किया जाय".

(2) श्री विश्वास सारंग, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

" यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि एक वर्ष में एक परिवार को एल.पी.जी. के सबसिडी वाले 6 सिलेण्डर देने का नियम समाप्त करते हुए लोगों को उनकी आवश्यकता अनुसार सबसिडी वाले सिलेण्डर उपलब्ध कराये जायें".

(3) श्री संजय पाठक , सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

"यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि ट्रेन संख्या 11452 इन्टर सिटी एक्सप्रेस जो जबलपुर से रीवा तथा रीवा से जबलपुर चलती है, को झुकेही रेल्वे स्टेशन पर रोका जाये".

(4) श्री बृजमोहन धूत, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

"सदन का यह मत है कि केन्द्र शासन द्वारा जो खादों पर सबसिडी कम की गई वह पूर्ववत रखी जाय ताकि खेती को लाभ का धंधा बनाया जा सके ".

(5) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे –

"यह सदन केन्द्र शासन से अनुरोध करता है कि मध्यप्रदेश की सीमा क्षेत्र में आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का संधारण केन्द्र सरकार द्वारा न किये जाने से इन्हें डिनोटीफाई किया जाकर प्रदेश सरकार को जनहित में हस्तांतरित किया जाय".

**राजकुमार पांडे**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 06 दिसम्बर, 2012**